समूह क आधारिक पाठ्यक्रम के लिए राजभाषा प्रश्नावली

Rajbhasha Questionnaire for group A foundation program

हाँ/नहीं में उत्तर दीजिए- Answer in Yes/No

1.	अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है। As per Article 343(1) Hindi is the official language of the union and its script is Devanagari .	हाँ/नहीं Yes/no
2.	संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा। The form of numerals to be used for the official purposes of the union shall be the international form of Indian numerals.	हाँ/नहीं Yes/no
3.	संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी भाषा का उत्तरोत्तर प्रयोग करने की सिफारिश गृह मंत्रालय/राजभाषा आयोग करता है। The recommendation for progressive use of Hindi language for official purposes of the union is made by Ministry of home affairs / the Official language commission.	हाँ/नहीं Yes/no
4.	राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 ,26 जनवरी, 1967 से लागू हुई है। Section 3 of the Official language act 1963 came into force on the 26th day of January, 1967.	हाँ/नहीं Yes/no
5.	क क्षेत्र में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब राज्य और चंड़ीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र आते हैं। Gujarat, Maharashtra, Punjab states and Chandigarh union territory state come in Region A.	हाँ/नहीं Yes/no
6.	केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों द्वारा सभी विज्ञापन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साथ-साथ जारी करना अनिवार्य है। All advertisements of all offices of central government is to be issued compulsory in both language Hindi and English simultaneously .	हाँ/नहीं Yes/no
7.	कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पणी या मसौदा हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिख सकता है। An employee may record a note or minutes on a file in Hindi or English.	हाँ/नहीं Yes/no
8.	कर्मचारी टिप्पणी हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे तो उससे यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे। An employee records a note in Hindi or English , then it is not expected to him furnish a translation thereof in other language.	हाँ/नहीं Yes/no

9.	राजभाषा नियम 1976 के नियम 6 के अनुसार मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, लेखन सामग्री आदि द्विभाषी रुप में मुद्रित या प्रकाशित किए जाएं। As per rule 6 of official language rules 1976, Manuals, codes and other procedural literature, stationary shall be printed or published in both Hindi and English in diglot form.	हाँ/नहीं Yes/no Yes/no
10.	राजभाषा नियम 1976 के नियम 7 के अनुसार कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है। As per rule 7 of official language rules 1976, employee may submit an application,appeal or representation in Hindi or in English .	हाँ/नहीं Yes/no
11.	हिंदी भाषा , हिंदी टाइपिंग और हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं पास करने पर कर्मचारी को दी जाने वाली वेतन वृद्धि कितनी अवधि तक देय होगी। On passing Hindi, Hindi typing, and Hindi stenography examinations, how long shall be payable increment to be given to employee.	एक/दो/ तीन वर्ष One/Two/t hree year.
12.	हिंदी टाइपिंग की परीक्षा पास करने पर अराजपत्रित कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन देय होगा। On passing Hindi typing examination, personal pay shall be payable to non gazetted employees.	हाँ/नहीं Yes/no
13.	जो कर्मचारी हिंदी भाषा, हिंदी टाइपिंग या हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं एक साथ अथवा एक के बाद एक पास करते हैं, उन्हें प्रत्येक परीक्षा पास करने पर अलग-अलग वैयक्तिक वेतन देय होगा। The employees who pass the Hindi, The Hindi typing or the Hindi stenography examinations simultaneously or in quick succession, Personal pay shall be payable to him separately for each examination.	हाँ/नहीं Yes/no
14.	अराजपत्रित कर्मचारियों को हिंदी आशुलिपि की परीक्षा में पास अंक प्राप्त करने पर वैयक्तिक वेतन दिया जा सकता है। Personal pay may be granted to obtaining passing marks in Hindi stenography examination to non gazette employees.	हाँ/नहीं Yes/no
15.	जिन कर्मचारियों ने हिंदी शिक्षण योजना के किसी भी केंद्र से कभी भी अल्पावधि के लिए भी प्रशिक्षण लिया हो, उन्हें उस प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा के लिए एक मुश्त पुरस्कार दिया जाएगा। The employees, who had at any time received training for small a period at any centre of Hindi teaching scheme, will be granted lump sum award for passing the examination pertaining the said training.	हाँ/नहीं Yes/no
16.	क्या अष्टम अनुसूची में अंग्रेजी भाषा भी शामिल है? Is English language also include in the eighth schedule?	हाँ/नहीं Yes/no

निम्नलिखित कथनों में सही एवं गलत का चिह्न लगाएं-

Tick mark the write and wrong in the following statements.

1. भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रुप का उपयोग सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। X /✓
   International form of Indian numerals can be used for all official purposes .
2. अनुच्छेद 351 के अनुसार हिंदी संघ की राजभाषा है । X /
   As per Article 351 Hindi is the official language of the union .
3. धारा 3(3) के अंर्तगत आरक्षण चार्ट आते हैं। X /✓
   Reservation charts come under section3(3)
4. सरकारी विज्ञापन केवल अंग्रेजी में जारी किए जा सकते हैं X /✓
   Official advertisements can be issued in English only.
5. धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को द्विभाषी रुप में जारी करवाने के लिए कार्यालय का प्रशासनिक प्रधान व्यक्तिगत रुप से जिम्मेदार होता है। X /✓
   Administrative head of the office is individually responsible to get the issuing documents coming under section3(3) in bilingual form .
6. केंद्रीय सरकार के उपक्रमों पर संघ की राजभाषा नीति लागू होती है। X /✓
   Official language policy of the union is applicable to undertakings of central government .
7. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह ख क्षेत्र के अंतर्गत आता है। X /✓
   Andman and Nicobar islands comes under region B .
8. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी में दिए गए आवेदन, अपील तथा अभ्यावेदन के उत्तर हिंदी में दिए जाने चाहिए। X /✓
   An application, appeal and representation made in English and signed in Hindi, Should be replied to in Hindi.
9. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच हिंदी में पत्राचार किए जाने चाहिए।
   Communication between central government offices situated in Region A should be in Hindi. X /✓
10. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी पत्रों के उत्तर हिंदी में नहीं दिए जा सकते हैं। X /✓
    English letters signed in Hindi can not be answered to in Hindi.
11. हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला कर्मचारी हिंदी पत्र का अंग्रेजी अनुवाद नहीं मांग सकता है। X /✓
    The employee possessing working knowledge of Hindi may not ask for an English translation of Hindi letter.

12. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए हिंदी का प्रयोग करने के लिए बाध्य किया जा सकता है । X /✓

The employees having proficiency in Hindi can be forced to doing use of Hindi for specified purposes.

13. हिंदीतरभाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में रबड़ की मोहरें तीन भाषाओं में बनवाई जानी चाहिए । X /✓

In central government offices situated in non Hindi speaking areas Rubber stamps should be made in trilingual .

14. फॉर्म केवल अंग्रेजी में बनवाए जा सकते हैं। X /✓

Forms can be prepared only in English.

15. केंद्रीय सरकार के अधिसूचित कार्यालयों में टिप्पण तथा आलेखन में केवल हिंदी का प्रयोग किया जाना अपेक्षित है। X /✓

Only use of Hindi is required in noting and drafting in notified offices of central government .

16. सभी वर्गों में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी का प्रशिक्षण अनिवार्य है। X /✓

Hindi training is compulsory for central government employees of all Classes.

17. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से क तथा ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालयों को अंग्रेजी में पत्र भेजे जा सकते हैं । X /✓

The letters may send in English from central government offices situated In Region A to central governmen state government offices situated in Region A and B.

18. परिपत्र सामान्य आदेश की परिभाषा के अंतर्गत आता है । X /✓

Circular comes under definition of General order .

19. क तथा ख क्षेत्र के स्टेशनों के लिए केवल हिंदी में पास/पीटीओ जारी किए जा सकते हैं। X /✓

Passes/PTOs can be issued in Hindi only for stations situated in region A and B.

20. मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक महीने बैठक होती है। X /✓

The Meeting of divisional official language implementation committee is held in every month.

21. संघ की राजभाषा नीति के समन्वय का कार्य गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग करता है। X /✓

Work of coordination of official language policy of the union is performed by Official language department of ministry of Home affairs.

22. हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है। X /✓

The annual program regarding progressive use of Hindi is issued by the official language department every year.

23. हिंदीतरभाषी राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को हिंदी में पत्र नहीं भेजे जा सकते। X /✓

The letters may not send in Hindi to central government offices situated in non Hindi speaking areas .

24. जिन कार्यालयों के 80% या अधिक कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान है, उन्हें अधिसूचित किया जा सकता है। X /✓

The offices Where 80% or more staff have acquired working knowledge of Hindi ,they can be notified .

25. सभी कंप्यूटरों का द्विभाषी रुप में कार्य करने योग्य बनाया जाना अनिवार्य है। X /✓

All computers are to be made able to work in bilingual form compulsorily

26. विभागीय परीक्षाओं के सभी प्रश्न-पत्रों का द्विभाषी रुप में बनवाया जाना अनिवार्य नहीं है। X /✓

All question papers of departmentally examinations are not to be prepared in bilingual form Compulsory.

27. संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए जांच बिंदु स्थापित करना रेलवे बोर्ड का दायित्व है। X /✓

Railway board is responsible to setting up check points for the implementation of Official language policy of the union.

28. नाम बैज केवल अंग्रेजी में बनवाए जा सकते हैं। X /✓

Name badge can be prepared in English only.

29. संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति रेल कार्यालयों का निरीक्षण करती है। X /✓

Second sub committee of parliament on official language inspects the railway offices.

निम्नलिखित वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा कीजिए-

1.रेल मंत्रालय तथा इसके संबद्ध कार्यालयों में हिंदी के पुनरीक्षण का कार्य -------उप समति करती है।

---------------- sub committee carries out review of the Hindi work in Ministry of Railways and its subordinates offices.

2.राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए राजभाषा नियम 1976 के अनुसार देश भर में –---------- क्षेत्र बनाए गए हैं।

As per official language rules 1976, for compliance of official language policy Across the country has been Classified as region A ,B and C .

3.दिल्ली और आगरा ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।

Delhi and Agra come under region---

4.मुंबई तथा सूरत ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।

Mumbai and Surat come under region ---

5.कानपुर तथा सूरत –----------- क्षेत्र में स्थित हैं।

Kanpur and Surat come under region---

6.अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।

Andman and Nicobar islands comes under region---------------------------------

7.वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सहायता देने के लिए तथा तत्संबंधी समीक्षा करने के लिए --------------------------तथा भोपाल में खोले गए हैं।

For giving help and its review in implementation of Annual program , Regional Implementation offices of official language department have been opened in Delhi,----------------,------------------,-------------------,----------------,----------------------,------------------ and Bhopal.

8.आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।

During the year, as per annual program ,---------------% notings shall be written in Hindi by the officers and staff working in Ministries/departments/offices etc. of central government situated in Region A.

9. आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।

During the year, as per annual program , --------------% notings shall be written in

Hindi by the officers and staff working in Ministries/departments/offices etc. of central government situated in Region B.

10. आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार ग क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।

During the year, as per annual program , -----------% notings shall be written in Hindi. By the officers and staff working in Ministries/departments/offices etc. of central government situated in Region C .

11. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे जाने वाले पत्राचार का प्रतिशत --------- है।

The percentage of Letters to be sent from offices of central government situated in region A to offices of central government situated in region B is -----------------.

12. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से ग क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे जाने वाले पत्राचार का प्रतिशत --- --- ------ है।

The percentage of Letters to be sent from offices of central government situated in region A to offices of central government situated in region C is -----------------.

13. राजभाषा नियम 1976 का अधिकार क्षेत्र ---------- राज्य के सिवाए संपूर्ण भारत पर है।

The official language rules 1976 are come into force in entire India except the state of -----------------------.

14. कर्मचारी द्वारा आवेदन या अपील अंग्रेजी में लिखी गई हो, किंतु उस पर हिंदी में हस्ताक्षर किए गए हों तब उसका उत्तर ------------ में दिया जाएगा।

An application or appeal made in English but signed in Hindi by the staff than shall be replied to in ------------------------.

15. राजभाषा नियम 1976 के नियम 8 (2) के अनुसार हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला कर्मचारी हिंदी में किसी दस्तावेज की अंग्रेजी में मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज ---------------- प्रकृति का हो।

As per Rule 8(2) of official language rules 1976, employee possessing a working knowledge of Hindi may ask for English translation of any document in Hindi except in the case of document ---------------

16. राजभाषा नियमों तथा अधिनियमों के उपबंधों का समुचित रुप से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय का ---------- उत्तरदायी होता है।

-------------- of the office is responsible for ensuring properly compliance of official Language rules and provisions of act.

17.क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष --------------------होते हैं।

The chairman and vice chairman of zonal official language implementation committee are -----------------------------and -------------------------------------.

18.क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव --------------------------होते हैं।

Member secretary of zonal official language implementation committee is ----------- ------------------------.

19.रेल राजभाषा सलाहकार समिति का अध्यक्ष -------------------होता है।

The chairman of Rail Hindi Salahakar Samiti is---------------------------------.

20.मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ------------- होते हैं ।

The chairman of Divisional official language implementation committee is -----------

21. अंग्रेजी आशुलिपिक को निर्धारित मात्रा में हिंदी में कार्य करने पर ----------रूपये का प्रोत्साहन भत्ता देय है।

On doing work in Hindi in prescribed quantity, Incentive allowance of Rs ----------- --------------- is admissible to English stenographer.

22.अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार योजना के तहत एक हिंदी भाषी तथा एक अहिंदी भाषी रेल अधिकारी को दिए जाने वाले पुरस्कार की राशि रूपये -----------------है ।

Under the Incentive scheme for encouraging the officers giving maximum dictation in Hindi , there is a provision of cash award of Rs.-----------------payable to two officers, one from Hindi speaking area and other from non Hindi speaking area.

23. हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना में पुरस्कार की राशि रूपये -------------है ।

Under the Individual cash award scheme of railway board for doing maximum and commendable official work in Hindi the cash award amount is ---------------- .

24.संसदीय राजभाषा समिति में कुल---------- सदस्य होते हैं ।

The committee of parliament on official language consists of --------members.

25. रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता में निबंध ------------------विषय पर लिखा जाता है ।

The essay is written on ----------------------------------subject in Rail Mantri Hindi Nibandh pratiyogita .

26 मंडलों पर हिंदी कार्य का प्रशासनिक नियंत्रण देखने वाले अधिकारी को –-----पदनाम से जाना जाता है ।

Officer looking after administrative control of Hindi work on Divisions is called ------------------ By designation .

27. संविधान की अष्टमी अनुसूची में कुल ---------------भाषाएं हैं ।

There are ----------------languages in eighth schedule of the constitution.

28. राजभाषा विभाग,गृहमंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम की अवधि ------- होती है ।

The period of annual program issued by official language department ,ministry of home affairs is ----------------.

संक्षिप्त टिपप्णियां लिखिए- Write a short note

1.क) रेल सप्ताह. Railway week ख) धारा 3(3) Section3(3)

2.हिंदी सप्ताह कब और क्यों मनाया जाता है?

When and why is celebrated Hindi week ?

3.भारतीय रेल पर राजभाषा संगठन के स्वरुप का उल्लेख कीजिए।

Describe the nature of Rajbhasha set up on Indian railways.

4.क, ख तथा ग क्षेत्रों के लिए निर्धारित जांच बिंदुओं का उल्लेख कीजए।

Describe the setting up check points for region A,B and C.

5.राजभाषा नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी किसकी होती है?

Who is responsible for compliance of official language rules.

6.कर्मचारी से क्या अभिप्रेत होता है?

What is the mean by employee.

7.अधिसूचित कार्यालय से क्या अभिप्रेत है?

What is the mean by notified office.

8.हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान से क्या अभिप्रेत है?

What is the mean by working knowledge of Hindi

9.हिंदी में प्रवीणता से क्या अभिप्रेत है?

What is the mean by proficiency in Hindi.

10.नियम 8 (4) से आप क्या समझते हैं?

What do you mean by Rule 8(4)

11.अराजपत्रित हिंदी पदों के नाम लिखिए?

Write the name of non Gazeetted Hindi designations.

12.सामान्य आदेश की परिभाषा दीजिए तथा इसके अंतर्गत आने वाले किन्हीं 6 दस्तावेजों के नाम बताइए?

Define the general order and relate the name of 6 documents coming under this .

13.मूल पत्राचार से क्या अभिप्राय है? संक्षेप में बताइए।

What is the mean by originating correspondence ,mention briefly.

14.अनुच्छेद 350 के अनुसार किसी व्यथा के निवारण के लिए संघ या राज्य का पदाधिकारी ,संघ या राज्य में प्रयुक्त होने वाली भाषा में अभ्यावेदन दे सकता है।

As per article 350 for the redress of any grievance , officer or authority of the union or state ,may be submitted a representation in the language to be used in the union or in the state .

15.संसदीय राजभाषा समिति से आप क्या समझते हैं ।

What do you mean by the committee of parliament on official language.

****